# न्यायालय जिला कलक्टर, डीडवाना–कुचामन

## पीठासीन अधिकारी– डॉ. महेन्द्र खड़गावत, आई.ए.एस.

**अपील संख्या– 72/2024**
**जी.सी.एम.एस. पोर्टल नम्बर 2024/179**

| **अपीलान्ट** | **बनाम** | **रेस्पोडेन्ट** |
|---|---|---|
| जतन कंवर पुत्री गणेशदान, जाति चारण, निवासी रोजास, तहसील परबतसर | | 1. कैलाशदान पुत्र गणेशदान, जाति चारण, निवासी रोजास<br>2. फतेहसिंह पुत्र गणेशदान, जाति चारण, निवासी रोजास<br>3. सम्पतकंवर पुत्री गणेशदान, जाति चारण, निवासी रोजास<br>4. हेतकंवर पुत्री गणेशदान, जाति चारण, निवासी रोजास<br>5. माधोदान पुत्र मदनकंवर पुत्री गणेशदान, जाति चारण, निवासी रोजास<br>6. जमनादेवी पत्नी बद्रीदान, जाति चारण, निवासी रोजास<br>7. पप्पूदेवी पुत्री बद्रीदान, जाति चारण, निवासी रोजास<br>8. मंजुकंवर पुत्री बद्रीदान, जाति चारण, निवासी रोजास<br>9. मालसिंह पुत्र बद्रीदान, जाति चारण, निवासी रोजास<br>10. सुमनकंवर पुत्री बद्रीदान, जाति चारण, निवासी रोजास<br>11. राजकंवर पुत्री बद्रीदान, जाति चारण, निवासी रोजास<br>12. दरियावकंवर पत्नी नारायणदान पुत्र गणेशदान, जाति चारण, निवासी रोजास, तहसील परबतसर<br>13. नायब तहसीलदार उप तहसील पीलवा। |

**<u>अपील अन्तर्गत धारा 75 आर.एल.आर.एक्ट</u>**
**<u>बनाराजगी नायब तहसीलदार पीलवा द्वारा पारित आदेश दिनांक 24.12.2004 मौजा रोजास के नामान्तरण संख्या 215 मे पारित आदेश के विरूद्ध</u>**

## –:निर्णय:–

Signature Not Verified
Digitally signed by Mahendra Khadgawat
Date: 2025.11.28 17:51:04 IST
Reason: SelfAttested

**दिनांक : 13.10.2025**

अपीलांट की ओर से पेश अपील के तथ्य संक्षेप में इस प्रकार है कि:–

1. सरहद मौजा रोजास में पुश्तैनी आराजी खाता संख्या पुराने 10 खसरा नम्बर 154 रकबा 5 बीघा 1 बिस्वा, खाता संख्या 11 खसरा नम्बर 201 रकबा 12 बीघा 5

जिला कलक्टर
डीडवाना–कुचामन

बिस्वा, में अपीलान्ट के पिता गणेशदान पुत्र कानदान के नाम से खातेदारी सुदा पैतृिक भूमि है। व खाता संख्या 12 खसरा नम्बर 183, 183/1, 183/2, 187, 187/1 रकबा 13 बीघा 19 बिस्वा जो मेरे स्वर्गीय पिता गणेशदान पुत्र कानदान, रामदान पुत्र शंकरदान के नाम पैतृिक खातेदारीसुदा है। खाता संख्या 66 खसरा नम्बर 3, 12, 119, 128/3 147, 148, 151, 153, 178, 178/1, 178/2, 178/3, 178/5, 190, 169, 170, 178/6, 190/1, कुल खसरे 18 रकबा 52 बीघा 19 बिस्वा में मेरे पिता गणेशदान पुत्र कानदान जी के 1/5 हिस्सा आया हुआ था। जिनके वर्तमान खसरा नम्बर 244, 326, 327, 303, 304, 305, 311, 316, 3, 15, 197, 210, 285, 286, 284, 242, 241, 277, 274, 278, 276, 283, 282, 275, 272, 299, 300 है।

2. अपीलान्ट का सिजरा खानदान निम्नवत है :–

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गणेशदान पुत्र कानदान | | | | | | | |
| । | | | | | | | |
| । | । | । | । | । | । | । | । |
| बद्रीदान (फौत) | नारायणदान (फौत) | कैलाशदान | फतेहसिंह | सम्पतकंवर | हेतुकंवर | जतनकंवर | मदनकंवर |
| । | । | | | | | | |
| जमनादेवी पत्नी | दरियावकंवर पत्नी | | | | | | |
| । | | | | | | | |
| पप्पूदेवी पुत्री, मुजूकंवर पुत्री, मालसिंह पुत्र, राजकंवर पुत्री, सुगनकंवर पुत्री | | | | | | | |
| उपरोक्त अनुसार सिजरा खानदान पेश है। | | | | | | | |

3. अपीलान्ट व रेस्पोडेन्ट संख्या 03 से 04 रेस्पोडेन्ट 05 की माता का नाम विरासत के नामान्तरकरण में विधिक हक हिस्सेदार होते हुऐ भी उनके नाम नामान्तरकरण में छोड़ दिया गया है, इस कारण नामान्तरकरण संख्या 215 अपीलान्ट को बिना सुने बिना सूचना दिये भर दिया गया है।

अतः अपील अपीलान्ट पेश कर निवेदन है कि अपीलान्ट की अपील स्वीकार फरमाई जाकर सभी विधिक वारिसों के नाम नामान्तरकरण भरे जाने के आदेश प्रदान फरमावें।

उक्त प्रकरण में तहसीलदार परबतसर से रिपोर्ट ली गई। तहसीलदार परबतसर के पत्रांक 1876 दिनांक 15.09.20[illegible] द्वारा रिपोर्ट प्राप्त हुई। पुश्तैनी आराजी का नामान्तरण संख्या 215 दिनांक [illegible].2004 में अपीलार्थी के अन्य खातेदार नारायणदान द्वारा दी गयी सूचना के अनुसार नामान्तरण दर्ज किया गया हैं जो स्वीकृत हो गया। इस नामान्तरण में नारायणदान द्वारा वारिसान में बहनों की सूचना नहीं देने से दर्ज होने से छूट गये है। उक्त नामान्तरण

Signature Not Verified
Digitally signed by Mahendra Khadgawat
Date: 2025.11.28 17:51:04 IST
Reason: SelfAttested

जिला कलक्टर
डीडवाना–कुचामन

जिला कलक्टर
सत्यमेव जयते
डीडवाना–कुचामन

मजमे–आम में पारित किया गया। उक्त प्रकरण में पटवारी हल्का से जाँच करावई गई। उक्त जाँच अनुसार गणेशदान पुत्र कानदान के वर्तमान में विधिक जिवित वारिसान कैलाशदान, फतेहसिंह पि. गणेशदान, सम्पतकंवर, हेतकंवर, जतनकंवर, पुत्रीया गणेशदान, दरियावकंवर पत्नी नारायणदान पुत्र गणेशदान, माधोदान पुत्र मदन कंवर पुत्री गणेशदान, जमनादेवी पत्नी बद्रीदान पुत्र गणेशदान, मालसिंह पुत्र बद्रीदान पुत्र गणेशदान, पप्पूदेवी, मंजूकंवर, राजकंवर, सुमनकंवर पुत्रियां बद्रीदान पुत्र गणेशदान है।

पत्रावली पर उपलब्ध रिकॉर्ड का अवलोकन किया। तहसीलदार परबतसर की रिपोर्ट अनुसार गणेशदान पुत्र कानदान के वर्तमान में विधिक जिवित वारिसान कैलाशदान, फतेहसिंह पि. गणेशदान, सम्पतकंवर, हेतकंवर, जतनकंवर, पुत्रीया गणेशदान, दरियावकंवर पत्नी नारायणदान पुत्र गणेशदान, माधोदान पुत्र मदन कंवर पुत्री गणेशदान, जमनादेवी पत्नी बद्रीदान पुत्र गणेशदान, मालसिंह पुत्र बद्रीदान पुत्र गणेशदान, पप्पूदेवी, मंजूकंवर, राजकंवर, सुमनकंवर पुत्रियां बद्रीदान पुत्र गणेशदान है। नायब तहसीलदार पीलवा द्वारा नामान्तरण संख्या 215 दिनांक 24.12.2004 को स्वीकार करते समय गणेशदान की पुत्रियों का नाम दर्ज नहीं किया गया।

अतः अपील अपीलान्ट स्वीकार की जाती है तथा नायब तहसीलदार पीलवा को निर्देशित किया जाता है कि उक्त नामान्तरण में सम्पतकंवर, हेतकंवर, जतनकंवर, पुत्रीया गणेशदान, दरियावकंवर पत्नी नारायणदान पुत्र गणेशदान, माधोदान पुत्र मदन कंवर पुत्री गणेशदान, जमनादेवी पत्नी बद्रीदान पुत्र गणेशदान, मालसिंह पुत्र बद्रीदान पुत्र गणेशदान, पप्पूदेवी, मंजूकंवर, राजकंवर, सुमनकंवर पुत्रियां बद्रीदान पुत्र गणेशदान के नाम नामान्तरण भरने की कार्यवाही करें।

निर्णय आज दिनांक **13.10.2025** को मेरे द्वारा लिखाया जाकर सरे इजलास सुनाया गया।

13.10.2025

(महेन्द्र खड़गावत, IAS)
जिला कलक्टर
डीडवाना–कुचामन

जिला कलक्टर
डीडवाना–कुचामन

Signature Not Verified

Digitally signed by Mahendra Khadgawat
Date: 2025.11.28 17:51:04 IST
Reason: SelfAttested

जिला कलक्टर
सत्यमेव जयते
डीडवाना–कुचामन